an>

Title: Need to issue a commemorative stamp in the memory of Acharya Tulsi.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में अत्यंत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने विचार रखने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। 20वीं सदी के महापुरुषों में एक जाना पहचाना नाम आचार्य तुलसी जी का है। आचार्य तुलसी ने नैतिकता और भाई चारे के मिशन के साथ भारत की एक लाख किलोमीटर की पद यात्रा की। मेरे संसदीय क्षेत्र में आचार्य तुलसी जी के बहुत बड़ी तादाद में अनुयायी हैं। उनकी प्रेरणा से लाखों व्यक्ति नशा मुक्ति बने और पूरे देश में नैतिकता को अपनाने का एक अभियान चल पड़ा जो पूरे भारत वर्ष में अनवरत आंदोलन के नाम से विख्यात है। वर्तमान में महापुरुष आचार्य तुलसी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। भारत सरकार ने आचार्य तुलसी की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृति में सिक्के जारी किए हैं। लेकिन महापुरुष आचार्य तुलसी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में डाक टिकट जारी नहीं करने से जनमानस में भयंकर आक्रोश है। अत: मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि उनके जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में डाक टिकट जारी की जानी चाहिए।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य श्री राहुल कस्वां के विषय के साथ श्री सी.आर. चौधरी अपने आपको एसोसिएट करते हैं।